सार-समाचार

पीडितों को दी राशन सामग्री, कपड़े व बिस्तर

अजमेर, (कासं)। आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ व उत्तर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की टीम की ओर से रविवार को भी बोराज तालाब की पाल टूटने से प्रभावित परिवारों को राशन सामग्री, शिक्षण सामग्री व बिस्तर का वितरण किया। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ की ओर से कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रभावित परिवारों को राशन सामग्री, शिक्षण सामग्री, कपड़े व बिस्तर वितरण की सेवा की, रविवार तक 300 घरों में राशन किट (सुखी रसद सामग्री) वितरित की जा चुकी है तथा जरूरत मंद लोगों को कपड़े, बच्चों की स्टेशनरी व बिस्तर सेट भी वितरित किए हैं। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि बोराज तालाब की पाल टूटने से प्रभावित परिवारों की सहायता के यह कार्य लगातार जारी रहेगा। सामग्री वितरण करने वाले कांग्रेसजनों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल व वाहिद मोहम्मद, पार्षद नौरत गुजर, पूर्व पार्षद सर्वेश पारीक, महेंद्र जोधा, आरिफ खान, विकास चौहान, प्रिंस ओबीडाया, युनुस शेख, हेमंत जोधा, छोटू सिंह रावत, गणेश चौहान, मदन जांगिड आदि मौजूद रहे और सामग्री वितरण में योगदान दिया।

अजमेर उत्तर विधानसभा युवा कांग्रेस की नई कार्यकारिणी की घोषणा

अजमेर, (कासं)। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश एवं प्रभारी तेजकरण चौधरी व जिलाध्यक्ष मोहित मल्होत्रा की अनुशंसा पर अजमेर उत्तर विधानसभा की नवनियुक्त युवा कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित की है नवनियुक्त कार्यकारिणी में शोएब अख्तर को पुन: विधानसभा अध्यक्ष तथा प्रिंस प्रजापत, मुस्तकीम शेख, अमित जैन के साथ कुल 6 उपाध्यक्ष, 10 महासचिव और 9 सचिव के साथ कुल 26 सदस्यों की कार्यकारिणी की सूची भी जारी की गई है। निष्क्रिय पदाधिकारियों को पदमुक्त कर सक्रिय और समर्पित युवाओं को पदोन्नति करते हुए नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

65 लोगों ने कराई मधुमेह जांच

अजमेर, (कासं)। लायन क्लब सेंट्रल के तत्वावधान में मधुमेह जांच शिविर शुभ एफिनिटी सोसाइटी विवेकानंद नगर में आयोजित हुआ। डिस्ट्रिक चीफ मीडिया कॉर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि प्रांतीय कार्यक्रम में मधुमेह जागरूकता के तहत शिविर का आयोजन किया गया। मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से बचाव और निदान के लिए आमजन को जागरुकता के लिए निशुल्क जांच शिविर 65 व्यक्तियों ने जांच कर लाभ उठाया, साथ ही 3 नए मरीजों का पता चलाए जिन्हें पहली बार शुगर आई। उन्हें समुचित परामर्श एवं इलाज दिया। चिकित्सकों ने उन्हें नियमित जांच एवं एतिहात बरतने को कहा। शिविर में बीपी, शुगर, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल की जांच करवाई। शिविर मे क्लब कोटा सेंट्रल अध्यक्ष लायन बीपी मीना, सचिव लायन राजकुमार गुप्ता, लायन चंदा बरवाडिया, लायन पीडी मोहता ने अपनी सहभागीता निभाई।

पार्श्वनाथ जैन मंदिर में तपस्वियों का किया सम्मान

अजमेर, (कासं)। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन जिनालय शान्तिपुरा में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में तपस्वियों का कला बज परिवार द्वारा माल्यार्पण और उपहार देकर सम्मान एवं अनुमोदना की। प्रवक्ता कमल गंगवाल ने बताया कि पर्यूषर्ण पर्व 2025 के मौके पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कला बज परिवार द्वारा अनुमोदना स्वरूप सम्मान कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें 10 उपवास सक्षम एवं सृष्टि गंगवाल, हर्षिता गंगवाल, निमित गंगवाल, मुस्कान गंगवाल, पांच उपवास भाविका जैन, दक्ष जैन, प्रतीक सेठी, रजनी बडजात्या, मीनू गदिया, संतोष कटारिया, तीन उपवास हिमांशु जैन, महिमा गंगवाल, संयम गंगवाल, खुशी जैन को सम्मान व अनुमोदना दी गई। नरेश गंगवाल ने बताया कि इस दौरान कला बज परिवार द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु वालो का भी जो नित्य प्रतिदिन मन्दिर दर्शन और पूजा पाठ करने आते है तथा धर्म की प्रभावना को बढाते है जिनमें आर के बोहरा, कैलाशचंद लुहाडिया, कैलाश चंद बाकलीवाल व वरिष्ठ महिला जन का भी अभिनंदन किया गया।

राष्ट्रीय अधिवेशन में मधु पाटनी नारी गौरव के सर्वोच्च सम्मान से अलंकृत

अजमेर, (कासं)। श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति का दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला अधिवेशन जैन संत पुंगव मुनि श्री सुधा सागर महामुनिराज के सानिध्य में एमपी के अशोक नगर शहर में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर से हजारों सदस्याओं एवं जैन धर्मावलंबियों ने भाग लिया। अधिवेशन में अजमेर महिला संभाग की अध्यक्ष मधु पाटनी द्वारा धार्मिक सांस्कृतिक कार्यों के साथ सामाजिक सरोकार के अंतर्गत वर्ष पर्यंत महत्वपूर्ण कार्यों को सम्पादित कराकर व उत्कृष्ट योगदान देने पर समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला डोडिया ने नारी गौरव के सर्वोच्च सम्मान देते हुए मधु पाटनी को सम्मानित किया। श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर संभाग के अध्यक्ष अतुल पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर मधु पाटनी को पुंगव मुनि का पाद प्रक्षालन का अवसर मिला एवं महाराजश्री ने अपना आशीर्वाद दिया।

महाबोधि बौद्धमठ में महात्मा बुद्ध की मूर्ति का विमोचन

अजमेर, (कासं)। धर्म को धारण करना पडता है और प्रज्ञा, क्षमाशील ये तीन मुख्य मार्ग धर्म को धरण करने के और चित्त को शुद्ध करने के मार्ग होते है, इनको अपनाने से ही मानव धर्मशील कहलाता है, उपरोक्त विचार रविवार को महाबोधि बौद्धमठ गौतम नगर में महात्मा बुद्ध की विशाल मूर्ति का विमोचन पर सर्वधर्म समिति के प्रतिनिधियों द्वारा किए जाने पर बौद्धमठ के अध्यक्ष गुणवन्त राहुल ने कहे। राजभाषा हिन्दी दिवस के अवसर पर सर्वधर्म जन सेवा समिति के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि गैर हिन्दी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी मातृ भाषा और अन्य भाषाओं वालों के सर्वधर्म प्रतिनियो द्वारा हिन्दी के प्रयोग से इसका महत्व बढ़ जाता है। इससे पूर्व महात्मा बुद्ध की प्रतिमा के सम्मुख सर्वधर्म के प्रतिनिधियो के माध्यम से दीप प्रज्जवलित करने के पश्चात गुरू एसएन गोयनका के प्रश्नोतरी प्रवचनों के कार्यक्रम के साथ वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। बौद्धमठ की सचिव शिक्षाविद सोनी गुणवन्त राहुल ने सबका अभिनन्दन किया।

मुख्यमंत्री से संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की

भीलवाड़ा। एनजीटी व सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में दिये गये आदेश के मद्देनजर पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने 2022 में अजमेर की प्रसिद्ध आनासागर झील की भूमि पर नियमविरुद्ध रूप से सेवन वन्डर्स एवं फुड कोर्ट निर्माण के जिम्मेदार अधिकारियों से इनके निर्माण में स्वर्च हुई सेवन वन्डर्स की 11.12 करोड़ एवं फूड कोर्ट की 8.62 करोड की राशि वसूल करने एवं इनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मांग की है जाजू ने बताया कि एनजीटी और सुप्रीम कोर्ट द्वारा आनासार झील के किनारे वेटलैंड में मास्टर प्लान का उल्लंघन कर स्मार्ट सिटी के तहत बनाये गये सेवन वंडर्स में बनाई गई सात अजूबों की प्रतिकृतियां तोड़ने के आदेश दिये थे जिस पर प्रतिकृतियों को तोड़ा जा रहा है एवं फूड कोर्ट पूर्व में 7 अप्रैल को तोड़ा जा चुका है। अधिकारियों द्वारा नियमविरुद्ध कार्य करने से जनता की गाढ़ी कमाई का 20 करोड़ रुपया बर्बाद हुआ है।

14 वर्षीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

नागौर। शिक्षा विभाग प्रारंभिक द्वारा मार्गदर्शित नागौर जिला स्तरीय राइफल पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता 2025 – 26 का आयोजन ब्रिलिएंट स्कूल ऑफ़ एजूकेशन अतुसर, ताऊसर के परिसर में प्रात: 10 बजे शुभारंभ हुआ। विद्यालय निदेशक रामनिवास कच्छावा ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तुलसीराम कच्छावा रहे जबकि अध्यक्षता विजय रामावत व विशिष्ट अतिथि मदनलाल मिर्धा थे। प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिनियुक्त स्टाफ धनसुख सांखला, शारीरिक शिक्षक सहित अन्य कार्मिक उपस्थित है। इस अवसर पर खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि तुलसीराम ने प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। प्रतियोगिता स्थल हिंद पब्लिक स्कूल के पास संत आनंद विहार कॉलोनी स्थित सुपर फिफ्टी शूटिंग स्पोर्ट्स अकैडमी नागौर में 14 सितम्बर से 17 सितम्बर तक संपन्न होगी।

स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने का दिया प्रशिक्षण

■ जिले के नवनियुक्त चिकित्सकों का हुआ आमुखीकरण, डेंगू, मलेरिया रोग के बचाव, परिवार नियोजन

भीलवाड़ा। जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर जिले में नवनियुक्त चिकित्सकों के लिए रविवार को आरसीएचओ कार्यालय में एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के 39 चिकित्सकों ने भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को जिले मे नवनियुक्त चिकित्सकों को जिले में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन जानकारी देकर योजनाओं का लाभ आमजन तक सरलता और प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों को आशाओं की भूमिका और उनकी सक्रिय भागीदारी से योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी देकर प्रशिक्षित किया गया।

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण झरवाल ने कार्यशाला के दौरान मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और स्क्रब टायफस के बचाव संबंधी जानकारी दी। उन्होंने चिकित्सकों को पॉजिटिव लार्वा की पहचान, एंटीलारवल गतिविधियों, रक्त जांच, बीमारियां फैलने पर चिकित्सा संस्थानों पर की जाने वाली तैयारियों और सावधानियां बरतने, आरआरटी टीम गठन और संस्थानों पर उपचार सेवाएं सुनिश्चित करने सहित फील्ड में मौसमी बीमारियों के व्यापक प्रचार प्रसार कर जागरूकता फैलाने संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने स्लाइड शो प्रेजेंटेशन के माध्यम से परिवार कल्याण कार्यक्रमों के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों, एनएसवी दिवस, सास-बहू सम्मेलन तथा एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान पर प्रशिक्षित करते हुए चिकित्सकों को परिवार नियोजन व एनीमिया नियंत्रण में आशाओं की भूमिका पर बल दिया। जिला औषधि भंडार प्रभारी डॉ. अशोक खटवानी ने नि:शुल्क जांच एवं दवा योजना के बारे में बताया। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, डाटा अपडेट से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी देकर चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया ने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने चिकित्सकों को निक्षय पोषण योजना, टीबी रोगियों की पहचान, उपचार प्रक्रिया, ट्रीटमेंट कार्ड एवं टेस्ट एप्लीकेशन फॉर्म की जानकारी देकर प्रशिक्षित किया। कार्यशाला में सीएमएचओ कार्यालय के विभिन्न अनुभाग अधिकारियों सहित जिले के सभी नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

55 प्रतिशत एक्जीक्यूटिव इंजीनियर मिलकर कर रहे भविष्य का निर्माण

भीलवाड़ा। इंजीनियर्स दिवस के अवसर पर, दुनिया की सबसे बड़ी और भारत की एकमात्र एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड पिछले पांच वर्षों में अपने इंजीनियरों द्वारा लाए गए महत्वपूर्ण बदलावों से गौरवान्वित है। वर्तमान में हिंदुस्तान जिंक में 55 प्रतिशत एक्जीक्यूटीव पदों पर इंजीनियर कार्यरत हैं, जो इस बात को दर्शाता है कि कंपनी तकनीकी विशेषज्ञता, नवाचार और समस्या-समाधान को ही प्रगति का सच्चा इंजन मानती है।

पिछले पाँच सालों में, कार्यकारी पदों पर इंजीनियरों का प्रतिशत लगातार बढ़कर 2025 में 55 प्रतिशत हो गया है। ऐसा इंजीनियरिंग, मेटलर्जी, माइनिंग, डिजिटलीकरण, सप्लाई चेन, मार्केटिंग, फाइनेंस और इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में कंपनी की अनूठी व्यावसायिक प्रगति के कारण हुआ है। वर्तमान में, हिन्दुस्तान ज़िंक में 1490 से अधिक कार्यकारी इंजीनियर कार्यरत हैं, जिनमें 270 से ज्यादा महिला इंजीनियर शामिल हैं। ये महिलाएं भूमिगत खानों, स्मेल्टरर्स, प्रयोगशालाओं और उन्नत प्रौद्योगिकी टीमों में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। ये महिलाएँ पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्र में बाधाओं को तोड़ रही हैं, जिसमें भारत की पहली महिला खदान प्रबंधन टीम, पहली पूरी तरह से महिला भूमिगत खदान बचाव टीम का नेतृत्व करना और कंपनी की सफलता के लिए महत्वपूर्ण परिचालन भूमिकाएँ निभाना शामिल है। अपनी प्रतिभा को और मजबूत करने के लिए, हिन्दुस्तान ज़िंक ने हाल ही में भारत के प्रमुख संस्थानों से अपने वीएलडीपी, जीईटी, पीजीईटी और एमटी कार्यक्रमों के माध्यम से 300 युवा प्रोफेशनल्स का स्वागत किया है। कंपनी को अपने इकोज़ ऑफ टूमारो पर गर्व है। यह कंपनी एक स्टार्टअप की फुर्ती और एक उद्योग के लीडर की मजबूती को जोड़ती है, जो ए से जेड तक करियर के अवसर प्रदान करती है, ठीक वैसे ही जैसे इसके मुख्य धातु, चांदी एजी और जिंक, जेडएन। इस अवसर पर हिन्दुस्तान ज़िंक के सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक, अरुण मिश्रा ने कहा कि, इंजीनियर हिन्दुस्तान ज़िंक के विकास और बदलाव की रीढ़ हैं। नवाचार, तकनीकी उत्कृष्टता, और समस्या-समाधान की उनकी भावना न केवल हमारी सफलता को आगे बढ़ा रही है, बल्कि भारत को आत्मनिर्भर और सस्टेनेबल बनाने की महत्वाकांक्षा में भी योगदान दे रही है।

त्रिदिवसीय अभिनंदन समारोह का आगाज

नागौर। भारत सरकार द्वारा गच्छाधिपति शांतिदूत परम पूज्य जैनाचार्य श्रीमद् विजय नित्यानन्द सूरीश्वरजी म.सा. के लोक कल्याणकारी कार्यों को पद्मश्री से अलंकृत करने के उपलक्ष्य में राष्ट्र स्तरीय भव्य अभिनन्दन एवं क्षमापणा संक्रान्ति समारोह का आज रविवार को शुभारंभ हुआ। इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रात: श्रीमद् विजय नित्यानंद सुरीश्वरजी म. सा. आदि साधु साध्वी सहित अर्जुन जी चौरड़िया के निवास स्थान शारदा पुरम से चतुर्विद् संघ सहित गाजे बाजे के साथ नौ छतरियां, दादावाड़ी में आगमन हुआ। इसके पश्चात् भगवान महावीर स्वामी दादा गुरुदेव के दर्शन के पश्चात धर्म सभा का आयोजन हुआ। बाद में श्री पार्श्व पद्मावती महापूजन का आयोजन विधिकर्ता कुलदीप महाराज के द्वारा किया गया। जिसमे 108 जोड़ो ने पूजा में भाग लिया।

मयूर स्कूल पर लगाया बच्चों की टीसी नही देने का आरोप

■ अभिभावक संघ एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित पत्रकार वार्ता में मयूर स्कूल पर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड करने सहित कई आरोप लगाए

अजमेर, (कासं)। अभिभावक संघ एसोसिएशन अजमेर ने रविवार को पत्रकार वार्ता आयोजित कर मयूर स्कूल प्रबंधन पर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड करने सहित गंभीर आरोप लगाते हुए टीसी नही देने की भी बात कही है, जिसके कारण बच्चों का भविष्य भी खराब हो रहा है।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए अभिभावक संघ के संयोजक नृसिंह दाधीच ने बताया कि काफी समय से चार बच्चों की टीसी की मांग की जा रही है, इस बाबत प्राथमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर व अजमेर जिला शिक्षा अधिकारी को भी अवगत करवाया गया तथा इसके साथ ही केन्द्र माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी गई थी, केन्द्रीय शिक्षा बोर्ड ने एक कमेटी का गठन कर जांच की तथा मयूर स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए गए कि बच्चों की टी सी तुरंत प्रभाव से दी जाए साथ ही प्राथमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर ने भी मयूर स्कूल प्रबंधन को बच्चो की टीसी देने के निर्देश दिए है, इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन द्वारा हठधर्मिता की सारी हदें पार कर आदेशों की अवहेलना की जा रही है। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा विद्यालय प्रबंधन को 15 सितम्बर तक टी सी देने के लिए सख्त हिदायत दी जा चुकी है, यदि 15 सितम्बर को टीसी नही दी जाती है तो अभिभावक संघ द्वारा आगे की रणनीति तय की जाएगी।

टीसी नही दी जाने के प्रश्न पर नृसिंह दाधिच ने बताया कि फीस बढ़ोतरी की मांग को लेकर अभिभावको में नाराजगी थी, स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रतिवर्ष फीस में बढ़ोतरी की जा रही थी, जबकि फीस एक्ट 2016 में स्पष्ट निर्देश है कि तीन साल में एक बार फीस बढ़ाई जा सकती है, लेकिन विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रतिवर्ष फीस में बढ़ोतरी की जा रही है, जिसका अभिभावक विरोध करते है। मयूर स्कूल अजमेर में छात्र व छात्राओं के समक्ष उत्पन्न विभिन्न छोटी-छोटी समस्याओं को स्कूल प्रशासन के समक्ष उठाये जाने पर स्कूल का रवैया बहुत ही असंवेदनशील तथा लापरवाही भरा रहा है।

नफरत की आग अपने खून से बुझाऊंगा

ब्यावर (निसं) अखिल भारतीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था कला मंदिर भोपाल की राजस्थान शाखा एवं बज्मे-गनी के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर बज्मे-गनी अध्यक्ष अब्दुल जब्बार खिलजी के निवास पर आयोजित कवि -गोष्ठी में सोजत से आए अतिथि कवि अब्दुल समद राही ने "जलने ना दूंगा चमन को अपनेलिफाक(भीतरी बैर)से। नफरत की आग खून से अपने बुझाऊंगा। " पढ़ कर गोष्ठी को ऊंचाइयां पर पहुंचाया । हिंदी के प्राध्यापक ओमप्रकाश स्वर्णकार (सेंदड़ा)की पुस्तक"पैंसठ के बाद" का लोकार्पण हुआ। उन्होंने कहा "जब मनचाहा मिल जाता है तो आदमी गतिहीन हो जाता हो जाता है । " संचालन करते हुए कला मंदिर भोपालके राजस्थान संयोजक गणपत सिंह मुग्धेश ने कहा "हमारेखून में हिंदी, हमारे जुनून में हिन्दी" ।तत्पश्चातविशिष्ट अतिथि रामप्रसाद कुमावत ने"बंजारा मनजब लिखे, बैरागन की पीर । कागज रांझा बन गया, कलम बन गई हीर"। विशिष्ट अतिथि नारायण सिंह पंवारने "खेलो कूदो खूब जगत में ,पढ़ना चाहिए। भीकम भयंकर ने "जिन्हे ना मान का है ध्यानऔरनहीं अपमान का है ध्यान ।"कृष्ण मुरारी व्यास ने "बदमाशों की दुनिया में इंसान ढूंढ रहे हैं ।"अमित चौहान ने "अगर इंसान इंसान को समझ पाता। चंद्रभान सिंह कम्पोटर में "हिंदी भारत के माथे की बिंदी " ।परमेश्वर सिंह ने हंस के गुण का बखान किया। छगारामसिंगारिया ने "संविधान के बिना शिक्षा अधूरी है"। अध्यक्ष अब्दुल जब्बार खिलजी ने कहा "अनेक बोलियां एवं भाषाओं को मितहिंदी समन्वय की भाषा बनो है।

आम सूचना

मेरी मां आचुकी पत्नी गणेश का स्वर्गवास दिनांक 7 अगस्त 1979 को एवं मेरे पिता गणेश पुत्र गिरधारी सर्व जाति रेगर का स्वर्गवास दिनांक 18 अक्टूबर, 2002 को मेरे पैत्रक निवास स्थान रेगर मोहल्ला, देव डूंगरी मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर पर हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

– प्रार्थी-कन्हैया लाल पुत्र गणेश

वादपदों के स्थिरीकरण के लिए प्रतिवादी को सम्मन

(आदेश 5 नियम 1 व 5 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता के परिशिष्ट ख का फार्म संख्या 1)

न्यायालय श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय, रूपनगढ़ (अजमेर)

नन्दलाल व अन्य बनाम नोरत वगैरह
व्यवहारवाद संख्यांक प्रत्यक सं. 46/2023
प्रा. पत्र सं. 46/2023

विरुद्ध

रूकमा देवी पुत्री गोपी जाति माली निवासी मालियों की बाडी, गहलोता की ढाणी तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान, तुलसी देवी पुत्री गोपी जाति माली निवासी शिवाजी नगर, पानी की टंकी के पास, मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान।

चुंकि वादीगण ने आपके विरूद्ध नकल संलग्न है के लिये एक वाद संस्थित किया है अत: आपको एतद् द्वारा आहूत किया जाता है कि आप या तो स्वयं या ऐसे अधिवक्ता जो कि सम्यकरूपेश अनुदिष्ट हों व वाद सम्बन्धी सब सारवान प्रशनों के उत्तर देने में समर्थ हो या जिनके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो कि ऐसे सब प्रशनों के उत्तर देने में समर्थ हो, के द्वारा दिनांक 9.10.25 के दिवस को 10.00 बजे दावे का उत्तर देने हेतु इस न्यायालय में उपस्थित हों और आगे आपको एतद् द्वारा यह भी निर्देश दिया जाता है कि उस दिन आप अपने प्रतिरक्षा का लिखित कथन पेश करें और उसी दिन वे सब प्रलेख जो आपके आधिपत्य या अधिकार में हों व जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा व प्रतिपादन या प्रतिदावा आधारित करते हों भी प्रस्तुत करें तथा जहां आदेश किसी अन्य प्रलेख की आपके आधिपत्य या अधिकार में हो या न हो, गर अभी प्रतिरक्षा या प्रतिवादन या प्रतिदावा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में भरोसा रखतें हों, उन प्रलेखों की अपने लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

सूचित रहे कि पूर्णवर्णित दिवस को आपके द्वारा अपनी उपस्थिती में व्यक्तिक्रम होने पर कथित वाद आपकी अनुपस्थिती में सुना व अवधारित किया जावेगां। आज दिनांक 21.8.25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया है।

आदेशानुसार
रीडर न्यायाधीश
उपखण्ड रूपनगढ़ (अजमेर)

प्रतिभा सम्मान समारोह में 250 प्रतिभाओं का किया सम्मान

ब्यावर (निसं) अखिल राजस्थान मेघवंशी (मेघवाल) महासभा संस्था का 20वां प्रतिभा सम्मान समारोह रामसरबलाईयान स्थित मेघवंशी छात्रावास भवन में मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार धोधावत, अतिरिक्त मुख्य सचिव राज भवनत्रिवेंद्रम केरल एवं अशोक कुमार- मुख्य अभियंता अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अजमेर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

विशिष्ट अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर डॉ. ओम जी आचार्य, सोजत, पूर्व प्राचार्य नरोत्तम जयपाल,संत श्री पुखराज लहवा, अशोक कुमार -तहसीलदार टॉडगढ़, हनुत सिँह -तहसीलदार ब्यावर,कैलाश राम धोदावत सह आयुक्त,डॉ राज बंधु बिड़ला,राजस्थान मेघवाल समाज के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष प्रकाश नागर - टॉडगढ़, बहादुर मेघवंशी आसीन्द, रामेश्वर प्रसाद डोडवानिया, देवेन्द्र पीपरवाल, मोडू राम महाराज, पूरण मल आसीन्द,रवि जोड्या जयपुर, दमयंती जयपाल, प्रशासनिक अधिकारी नगर परिषद ब्यावर, ईश्वर तंवर,प्रधानाचार्य कालू राम मिण्डल, द्वारका प्रसाद भींयावत उपस्थित थे। कार्यक्रम मेंमुख्य अतिथि ने प्रतिभाओं को संबोधित करते हुए शिक्षित होने का मतलब अपने माता-पिता का सम्मान करना बताया ,साथ ही मोबाइल फोन के अधिक उपयोग पर चिंता जाहिर की, महासभा अध्यक्ष जीवन राम मेहरा ने बताया कि 250 से अधिक प्रतिभाओं को मेडल प्रशस्ति पत्र मोमेंटो फाइल एवं पेन देकर के सम्मानित किया गया संरक्षक अर्जुन राम दुखड़िया, भगवान सहाय जरोडिया, हजारीलाल भाटी ने अतिथियों का माला, साफा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह स्वागत किया। प्रवक्ता ठाकुरदास मेहरा ने बताया कि इस अवसर भामाशाह के रूप में सहयोग देने वाले चिराग मेघवाल ,नंदू राम ब्यावत, बाबूलाल गुजरिया एवं सभी भामाशाहों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अजीत राम गहलोत, नरेंद्र कटारिया,सूरमा राम कतिरिया, रामलाल मेहरा, सूरजमल सुवाल, कुम्पा राम जोधावत, भंवर लाल पलासिया,धूला राम कतिरिया, ईश्वर चंद छित्रोलिया, बाबूलाल बागरानी, छगन मेंशन, मोहन मेघवाल, शशिकांत मेहचंद, रतन सिँह हैजू, मनमोहन घूगरवाल,ओमप्रकाश बरवड़, सुरेंद्र चनिया, मोहन प्रकाश कमालिया, दीपक कमालिया, प्रभु लाल हटीला, गणेश राम कड़ेला दिनेश कमालिया, बाबूलाल गुजरिया,सहित समाज के सभी पदाधिकारी नवयुवक मंडल के पदाधिकारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ठाकुरदास मेहरा ,अनिल कटारिया ने किया।

अजोसगंज फाटक बंद रहेगा

अजमेर, (कासं)। अजमेर-दौराई खंड के मध्य जोन्सगंज एवं कैरिज वर्कशॉप के मध्य किलोमीटर 297.0.1 पर स्थित समपार फाटक संख्या 50 स्पेशल पर डामरीकरण का कार्य किया जाना है, जिस कारण से फाटक 15 सितंबर रात्रि 9 से 16 सितंबर प्रात: 5 बजे तक रोड यातायात के लिए बन्द रहेगा। इस दौरान आमजन आने जाने हेतु वैकल्पिक मार्ग एल सी-01 स्पेशल जोन्सगंज का उपयोग कर सकेंगे या अन्य वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर सकेंगे।

विधायक ग्राम बेरी खुर्द के दौरे पर रहे

डीडवाना, विधायक यूनुस खान रविवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेरी खुर्द के दौरे पर रहे। इस दौरान अनेक विकास योजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर यूनुस खान ने गौलाणा तालाब में 22.16 लाख लागत से श्री-फेस ट्यूबवेल, 11.25 लाख लागत से श्री-फेस ट्यूबवेल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेरी जतनपुरा में 2.00 लाख लागत से टीन शेड निर्माण तथा बड़ी मस्जिद के पास बेरी कलां रोड पर 23.10 लाख लागत से श्री-फेस ट्यूबवेल का उदघाटन किया।

इसके बाद यूनुस खान ने शहीद इब्राहीम खान क्रिकेट प्रतियोगिता का भी उदघाटन किया। इस मौके पर विधायक यूनुस खान ने प्रतियोगिता स्थल के विकास के लिए विधायक विकास कोष से 20 लाख की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मेजर ध्यानचंद योजना के अंतर्गत 20 लाख की स्वीकृति दिलाने के लिए खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से अनुरोध कर स्वीकृति प्राप्त कर कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। उन्होंने जिला कलेक्टर से मैदान के विस्तार हेतु अतिरिक्त भूमि आवंटन का अनुरोध भी करने की बात कही, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक यूनुस खान ने कहा कि शहीद इब्राहीम खान की स्मृति में आयोजित यह प्रतियोगिता युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगी।

17 सितम्बर से जिलेभर में प्रारंभ होंगे तीन महत्त्वपूर्ण अभियान : जिला कलक्टर

भीलवाड़ा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिलेभर में जनकल्याण और सुशासन को सशक्त करने हेतु तीन महत्त्वपूर्ण अभियान- शहरी सेवा शिविर, ग्रामीण सेवा शिविर तथा सहकार सदस्यता अभियान – का आयोजन 17 सितम्बर 2025 से किया जाएगा।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य अंत्योदय की संकल्पना को साकार करते हुए आमजन तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि तीनों अभियानों के सफल संचालन के लिए सभी विभाग समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर तैयारियाँ पूर्ण करें और व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने बताया कि वर्तमान में प्री कैंप के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है, यह प्री कैंप 16 सितम्बर तक चलेंगे।

शहरी सेवा अभियान : शहरी सेवाओं में आएगी नई गति शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से नगर निकाय क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। सफाई व्यवस्था सुधार, स्ट्रीट लाइटें, आवारा पशुओं की रोकथाम, सड़कों की मरम्मत, सार्वजनिक स्थलों का रखरखाव जैसे कार्य प्राथमिकता से होंगे। पीएम/सीएम स्वनिधि ऋण वितरण, पीएम सूर्यघर योजना के आवेदन, स्कूल व आंगनबाड़ियों की मरम्मत, पेंशन योजनाओं के आवेदन, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने जैसे कार्य भी शिविरों में किए जाएंगे। कलक्टर ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से अधिकाधिक लोग लाभान्वित होंगे और यह अंत्योदय की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

**सहकार स